भक्ति प्रेरणा से प्रेरित हो, स्वर्ण दीप चरणाग्र धरूँ॥
भौतिक दीप शिखा केवल जग, अंधकार विनशाती है।
प्रभु आपकी केवल ज्योति, मोक्षमार्ग दर्शाती है॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः मोहान्धकार विनाशनाय अज्ञानतिमिर हराय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

तप अग्नि में कर्म दहन कर, निष्कलंक कहलाये हो।
तव पथ के अनुगामी भविजन, निश्चित कर्म खापाये वो॥

अगर तगर की धूप सुगंधित, दहन हेतु चरणाग्र धरूँ।
कज्जल सम वसु कर्म जलाने, मुक्ति पंथ का काज करूँ॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

भौतिक सुख की चाह में भगवन्, नर भव निष्फल कर डाला।
मोक्ष महाफल मिला न अब तक, खुला ना कर्मों का ताला॥
षट् ऋतुओं के मधुर सुफल ले, तव चरणों में आऊँगा।
वासुपूज्य की पूजन करके, जीवन सफल बनाऊँगा॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः महामोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रद्धा का शुभ अर्घ चढ़ाकर, भाव यही इक मन लाया।
नश्वर पद को छोड़ के पाऊँ, शाश्वत शिव तरु की छाया॥
नहीं वस्तु अनमोल कोई जो, तुम्हें समर्पित मैं कर दूँ।
अष्ट द्रव्य का अर्घ बना निज, भावों को अर्पित कर दूँ॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अनर्घ पद प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

उर सरोज पर आ बसें, तव पद दीनानाथ।
जयमाला अर्पित करूँ, धरूँ चरण में माथ॥

(छंद-चौपाई)

जय श्री वासुपूज्य जिन देवा, सुर-नर असुर करे तुम सेवा।
मुनिगण तव पद ध्यान लगाते, ध्यान लगा निज आनन्द पाते॥
जय-जय प्रथम बालयति स्वामी, बारहवें तीर्थंकर नामी।
अरूण वर्ण तव तन है दमके, बाल सूर्य ज्यों गगन में चमके॥
वसूपूज्य नृप पिता तुम्हारे, जयावती के राजदुलारे।
तव पग भैंसा चिन्ह सुशोभित, तव सुन्दर छवि करती मोहित॥

जो भवि तव शुभ नाम हैं जपते, दुख दरिद्र क्षणमात्र में हरते।
भक्ति पूजन-अर्चन तेरी, नशति है भव-भव की फेरी॥
जय श्रीमान स्वयंभू त्राता, विश्वव्यापि धर्मेश्वर दाता।
जय अविनाशी आत्म विलासी, अन्तर्दृष्टा परम प्रतापी॥
जय अविनश्वर पद के दाता, जय त्रैलोक्यदर्शी सुखदाता।
जय महायोगी जय महाज्ञानी, परम दिगम्बर मुक्ति दानी॥
शांत सौम्य छवि तव मनहारी, भवि जन को लगती सुखकारी।
वीतराग मुद्रा मन भाती, निज स्वरूप को है दर्शाती॥
भ्रम अरि नाशक तेरी वाणी, सुनकर भव से तरते प्राणी।
तव पद रज जो मस्तक धरता, पाप रंग ना उसके चढ़ता॥
नाथ आपकी महिमा भारी, विगलित हो सब अघ बीमारी।
भौम अरिष्ट तुरत है नशता, तव सुमिरन जो नित है करता॥
जो युक्ति तुमने अपनाई, मुक्ति वधू से करी सगाई।
मुक्ति की युक्ति बतला दो, भव सागर से पार लगा दो॥

दोहा

नाथ आपके नंत गुण, कैसे करूँ बखान।
अज्ञ शिशु की भक्ति को, स्वीकारो भगवान॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा

जग सुख शांति हेतु, शांतिधारा मैं करूँ।
पाऊँ शिवपुर खेत, पुष्पांजलि से पूजहूँ॥

(शांतिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्)

❑❑

प्रथम कोट

अनंत चतुष्टय

(तर्ज-निरखो अंग-अंग जिनवर के.....)

निरखो शांति छवि जिनवर की, इनकी महिमा अपरम्पार॥टेक॥
ज्ञानावरणी कर्म महा, ज्ञान सभी हर लेय।
तव चरणाम्बुज पूजते, नंत ज्ञान प्रगटेय।
तातै जिनपद शीश नवाऊँ, इनकी महिमा अपरम्पार। निरखो.....

ॐ ह्रीं अर्हं अनंतज्ञान-गुण-संयुक्ताय श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दर्शन आवरणी नशा, झलका लोकालोक।
नाशा दृष्टि आपकी, हरे जगत का शोक॥
तातै नाशादृष्टि निहारूँ, इनकी महिमा अपरम्पार। निरखो.....

ॐ ह्रीं अर्हं अनंतदर्शन-गुण-संयुक्ताय श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ध्यान खड्ग से कर दिया, मोह कर्म का नाश।
नंत सुखी जिननाथ ही, करते आत्म विकास॥
तातै जिनमुख लखि हर्षाऊँ, इनकी महिमा अपरम्पार। निरखो.....

ॐ ह्रीं अर्हं अनंतसुख-गुण-संयुक्ताय श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अंतराय को नाश कर, नंत शक्ति को पाय।
नंत बली जिनराज ही, मुक्ति पथ दर्शाय॥
तातै श्री जिन पूज रचाऊँ, इनकी महिमा अपरम्पार। निरखो.....

ॐ ह्रीं अर्हं अनंत-वीर्य-गुण-संयुक्ताय श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घत्ता छंद

हे जग नायक, मुक्ति प्रदायक, मम मन लायक गुणधीरा,
धर्म प्रदायक, गुणनिधि दायक, परम विनायक भवतीरा।
तव चरण पखारूँ तुम्हें पुकारूँ, तुम पर वारूँ जग निधियाँ,
निज आत्म निखारूँ, संयम धारूँ, नित्य निहारूँ तव सुधियाँ॥

ॐ ह्रीं अर्हं अनंतचतुष्टय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(पुष्पांजलि क्षिपेत्)

❑❑

द्वितीय कोट

पंचकल्याणक अर्घ

दोहा

हुई रत्नगर्भा मही, चंपापुर की आज।
गर्भ में प्रभुवर आ गये, भवि कल्याण के काज॥

(तर्ज - मैं देव श्री अरिहंत पूजा)

आषाढ़ कृष्णा षष्टी को, सुर इन्द्र सब हर्षा रहे।
रत्नों की वर्षा स्वर्ग से, प्रमुदित हुये बरसा रहे॥
वसुपूज्य नृप माता जयावती, के नयन हैं खिल रहे।
मानों अनंतो जन्म के शुभ पुण्य फल हैं मिल रहे॥१॥

ॐ ह्रीं अर्हं आषाढ़कृष्णाषष्टम्यां गर्भ कल्याणक प्राप्तये श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

आलोकित जगती हुई, हुआ दिव्य आलोक।
वासुपूज्य अवतार ले, नष्ट करें सब शोक॥

शुभ नाद घंटा शंख भेरी, दुन्दुभी के हो रहे।
भानि विशाखा में त्रिजग के, दुःख सारे खो रहे॥
मेरु पे तव अभिषेक से, क्षीरोदधि पावन हुआ।
लगता है चौदस कृष्ण को, फाल्गुन में ज्यों सावन हुआ॥२॥

ॐ ह्रीं अर्हं फाल्गुन कृष्ण चतुर्दश्यां जन्म कल्याणक प्राप्तये श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

भेष दिगम्बर धर लिया, नश्वर जग को जान।
मुक्ति पथ पर बढ़ गये, वासुपूज्य भगवान॥

कृष्णा चतुदर्शी फाल्गुनी, भानि विशाखा का उदय।
दीक्षा मनोहर वन में धारी, पाने कर्मों पर विजय॥
निज पूर्व भव को जानकर, भोगों से मन अकुला गया।
शुभ ध्यान सिद्धों का किया, शिव पंथ को अपना लिया॥३॥

ॐ ह्रीं अर्हं फाल्गुनकृष्णचतुर्दश्यां तप कल्याणक प्राप्तये श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

एक बरस तप धारकर, पाया केवल ज्ञान।
भक्ति युत सुर ने किया, समवशरण निर्माण॥

घाति करम की कालिमा, ध्यानाग्नि से सब जल गई।
शिव पंथ दर्शायक प्रभु को, ज्ञान ज्योति मिल गई॥
शुभ माघ शुक्ला दोज में, भानि विशाखा जब रहा।
सुन भव्य जीवों को मिला तव, पंथ शिवपुर का महा॥४॥

ॐ ह्रीं अर्हं माघशुक्लाद्वितीयां ज्ञान कल्याणक प्राप्तये श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

समवशरण विघटित हुआ, मिला परम परिणाम।
कर्म बंध को तोड़कर, पहुँचे शिवपुर धाम॥

नक्षत्र नभ में अश्विनी, फाल्गुन की कृष्णा पंचमी।
शिवपुर पधारे शीघ्र ही, पायी निराकुल लक्ष्मी॥
मंदारगिरी इन्द्रादि से, पूजित हुआ इस लोक में।
साक्षात् प्रभु कैसे मिले, व्याकुल है भवि इस शोक में॥५॥

ॐ ह्रीं अर्हं फाल्गुनकृष्णपंचम्यां मोक्ष कल्याणक प्राप्तये श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्नत्रय के अर्घ

दोहा

तप संयम अरु ज्ञान का, दर्शन इक आधार।
सम्यक् हो तो शिव लहे, मिथ्या हो निस्सार॥

(तर्ज- मैं देव श्री अरिहंत पूजूं....)

अन्तर विशुद्धि पवन से, मिथ्यात्व घन को नश दिया।
पच्चीस दोषों से रहित, सम्यक्त्व क्षायिक वश किया॥
हे नंत गुण धारी प्रभू, मिथ्यात्व मेरा नाश हो।
त्रय रत्न की निधियाँ मिलें, वसु भूमि पर मम वास हो॥६॥

ॐ ह्रीं अर्हं सम्यग्दर्शनगुण-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

दृग व्रत संवर्द्धक सदा, देता सौख्य अपार।
ज्ञान समान न जगत में, मनुज जन्म का सार॥

सद्ज्ञान की सम्प्राप्ति से, निज आत्मगुण विकसित किये।
अज्ञान तम हैं नाशते, अरु भाव निज समकित लिये॥
हे नंत गुणधारी प्रभो, सद्बोध का सुविकास हो।
त्रयरत्न की निधियाँ मिलें, वसु भूमि पर मम वास हो॥७॥

ॐ ह्रीं अर्हं सम्यक्ज्ञान-गुण-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

व्रत संयम को धारकर, लहा मोक्ष का द्वार।
इस बिन मुक्ति होय ना, नंत करो उपचार॥

त्रयोदश विधि वा पंच विध, चारित्र में जो प्रवृत्त हैं।
लखते वही हैं मोक्ष सेतु, शुभ्र जिनका चित्त है।
हे नंत गुणधारी प्रभो, चारित्र का सद्भास हो।
त्रयरत्न की निधियाँ मिलें, वसु भूमि पर मम वास हो॥८॥

ॐ ह्रीं अर्हं सम्यक्चारित्रगुण-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

घत्ता छंद

हे गुणआगर, संयम सागर, चिन्मय आकर, शिवकन्ता,
तुम आत्म सुखाकर, चित्त प्रभाकर, वचनसुधाकर, अरिहंता।
मैं पूज रचाऊँ, मंगल गाऊँ कर्म नशाऊँ, शिवपाने,
हृदय बसाऊँ, पुष्प चढ़ाऊँ, बलि-बलि जाऊँ अघ हाने॥

ॐ ह्रीं अर्हं पंचकल्याणकविभूति-विभूषिताय रत्नत्रय गुण संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(पुष्पांजलि क्षिपेत्)

❑❑

तृतीय कोट

जन्म के दस अतिशय

छंद - भुजंगप्रयात

(तर्ज-नरेन्द्रफणेन्द्र....)

जिन रुप लखकर चकित इन्द्र देवा।
तव तन के सन्मुख हों नत कामदेवा॥
प्रभु जन्म अतिशय की महिमा को गाऊँ।
अन्तस की भक्ति से, सिर को झुकाऊँ॥१॥

ॐ ह्रीं अर्हं अतिशयसुन्दररूप जन्मातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सुगन्धी रहे तन में निर्मल स्वभावी।
जैसे हो पुष्पों की बगिया गुलाबी॥
प्रभु जन्म अतिशय की महिमा को गाऊँ।
अन्तस की भक्ति से, सिर को झुकाऊँ॥२॥

ॐ ह्रीं अर्हं सुगन्धिततन जन्मातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तन से ना किन्चित भी बहता पसीना।
अचरज है भारी ये देखा कहीं ना॥
प्रभु जन्म अतिशय की महिमा को गाऊँ।
अन्तस की भक्ति से, सिर को झुकाऊँ॥३॥

ॐ ह्रीं अर्हं पसेव रहिततन जन्मातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मलमूत्र श्लेष्म ना होता निहारा।
चाहे हो अमृत का दिव्य आहारा॥

प्रभु जन्म अतिशय की महिमा को गाऊँ।
अन्तस की भक्ति से, सिर को झुकाऊँ॥४॥

ॐ ह्रीं अर्हं निहाररहित देह जन्मातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हित मित प्रभु की है पीयूष वाणी।
सदा सुन के सन्तुष्ट हों भव्य प्राणी॥
प्रभु जन्म अतिशय की महिमा को गाऊँ।
अन्तस की भक्ति से, सिर को झुकाऊँ॥५॥

ॐ ह्रीं अर्हं हित-मित-प्रिय वचन जन्मातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अतुल बल तुम्हारा जगत में है न्यारा।
सुरेन्द्र-नरेन्द्र भी करते किनारा॥
प्रभु जन्म अतिशय की महिमा को गाऊँ।
अन्तस की भक्ति से, सिर को झुकाऊँ॥६॥

ॐ ह्रीं अर्हं अतुलबल जन्मातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धवल रक्त की तन में अद्भुत है माया।
दया प्रेम वत्सल की अनुपम है छाया॥
प्रभु जन्म अतिशय की महिमा को गाऊँ।
अन्तस की भक्ति से, सिर को झुकाऊँ॥७॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्वेतरुधिर जन्मातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

परिमाण युत अंग प्रभु के समाना।
सुसंस्थान का ध्यान सुख का खजाना॥
प्रभु जन्म अतिशय की महिमा को गाऊँ।
अन्तस की भक्ति से, सिर को झुकाऊँ॥८॥

ॐ ह्रीं अर्हं समचतुरस्रसंस्थान जन्मातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वज्रंग संहनन जो मुक्ति को देता।
जिसे पाके श्री जी बने मोक्ष नेता॥
प्रभु जन्म अतिशय की महिमा को गाऊँ।
अन्तस की भक्ति से, सिर को झुकाऊँ॥९॥

ॐ ह्रीं अर्हं वज्रवृषभनाराच संहनन जन्मातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ चिन्ह सहस्र अठोत्तर हैं तन में।
पापादि भावों का ना लेश मन में॥
प्रभु जन्म अतिशय की महिमा को गाऊँ।
अन्तस की भक्ति से, सिर को झुकाऊँ॥१०॥

ॐ ह्रीं अर्हं सहस्रअष्टोत्तर-शुभलक्षण जन्मातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घत्ता छंद

आप दयालु, परम कृपालु, हृदय बसालूँ सुखकारी,
निज चित्त रमा लूँ, कर्म नशालूँ, तुम्हें बुलालूँ हितकारी।
हे दुक्ख विदारक, कर्म प्रहारक, धर्म प्रचारक शिव नेता,
हे निज गुणधारक, भव्य सुधारक, मोक्ष प्रदायक जग त्रेता॥

ॐ ह्रीं अर्हं जन्मातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(पुष्पांजलि क्षिपेत्)

❑❑

चतुर्थ कोट

देवकृत १४ अतिशय

(तर्ज:- अनादि काल से.....)

अर्द्ध मागधी भाषा प्रभु की खिरती है शीतल वाणी।
चार कोश तक समवशरण में सुनकर तिरते भवि प्राणी॥
जिनवाणी रस पान करन से मोह तिमिर न रहे कदा।
सुर कृत चौदह अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥१॥

ॐ ह्रीं अर्हं अर्द्धमागधीभाषा देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नम: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धर्म सभा में क्रूर पशु भी, बैर भाव को भूले हैं।
मात भ्रात व मित्र भाव धर, तव भक्ति में झूले है॥
जिन भक्ति का फल मैं पाऊँ, बैर भाव न रखूँ कदा।
सुर कृत चौदह अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥२॥

ॐ ह्रीं अर्हं परस्परमैत्रीभाव देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नम: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दशों दिशायें निर्मल होतीं, जहाँ रचा शुभ समवशरण।
जिन भक्ति चित निर्मल करती, मिट जाता भव जाल भ्रमण॥
वासुपूज्य की पूज करन से, पाप पंक ना चढ़े कदा।
सुर कृत चौदह अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥३॥

ॐ ह्रीं दश-दिशनिर्मल देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नम: अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उल्कापात न ओलावृष्टि निर्मल ही आकाश सदा।
पाप पंक सब धुले सभी का, चित्त सुनिर्मल होय सदा॥
शुभ भावों से अर्घ चढ़ाऊँ, धर्म रहित ना रहूँ कदा।
सुर कृत चौदह अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥४॥

ॐ ह्रीं अर्हं निर्मलआकाश देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

षट् ऋतुओं के फल फूलादिक, एक समय ही आ जाते।
भविजन प्रकृति की शोभा लख, मन ही मन अति हर्षाते॥
पुण्य योग से सब जीवों को, प्रकृति होती सौख्य प्रदा।
सुरकृत चौदह अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥५॥

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वऋतुकफलयुतवृक्ष देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चतुर्दिशा में इक योजन तक, पृथ्वी दिखती काँच समान।
हर्षोल्लासित भविजन होते, पाते हैं आतम सम्मान॥
नीर क्षीर वत् सुख अरु प्रकृति, होते नहीं हैं कभी जुदा।
सुर कृत चौदह अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥६॥

ॐ ह्रीं अर्हं आदर्शवत्पृथ्वी देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु विहार करें जब नभ में, देव कमल रचना करते।
द्विशत् पंच विंशति नीरज, रच अनुपम सुख को वरते॥
भाव भक्ति वश पंकज रचकर, रोग शोक से रहें जुदा।
सुर कृत चौदह अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥७॥

ॐ ह्रीं अर्हं पगतलद्विशत-पंचविंशतिस्वर्णकमल देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवर की भक्ति करते वे, देव करें नभ से जयगान।
मन वच काया की ये परिणति, दे जाती है पुण्य महान॥
भव्यों को जयकार शब्द ये, लगते है उत्कृष्ट सदा।
सुर कृत चौदह अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥८॥

ॐ ह्रीं अर्हं जयकारध्वनि देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अचरजकारी समवशरण में, मंद सुगंध बयार चले।
अन्तस्थल संतृप्त बने अरु, भव्यों के सब रोग गले॥
भक्ति पवन के झोंको से तो, कर्म धूल न टिके कदा।
सुर कृत चौहद अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥९॥

ॐ ह्रीं अर्हं मंदसुगंधवयार देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस पावन भूमि पर झरती, गन्धोदक की वृष्टि जहाँ।
रोग शोक संताप मिटाते, भविजन पाते शांति महा॥
जिनगन्धोदक पाने वाले, भवाताप न सहे कदा।
सुर कृत चौदह अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥१०॥

ॐ ह्रीं अर्हं गंधोदकवृष्टि देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वायु कुमार देवों के द्वारा, पृथ्वी सदा शोधी जाती।
उस भूमि में रहने वाले को न गोदी ललचाती॥
मिल जाती है बोधि सहज ही, निर्मल शाश्वत सौख्य प्रदा।
सुर कृत चौदह अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥११॥

ॐ ह्रीं अर्हं निष्कंटकभूमि देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हर्ष भाव से सुरगण भी प्रभुवर की भक्ति में रमते।
पूर्व बद्ध पापों के फल को, पल भर में मिथ्या करते॥
कण-कण में हो हर्ष भाव नित, भव्य जीव हो मुक्त मुधा।
सुर कृत चौदह अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥१२॥

ॐ ह्रीं अर्हं तत्प्रदेशेहर्षभाव देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीर्थंकर जब गमन करे तब, धर्म चक्र आगे चलता।
भव्य जनों के रोग शोक अरु, पापों को निश्चित दलता॥

धर्म चक्र की महिमा केवल, भव्य जीव को विजय प्रदा।
सुर कृत चौदह अतिशय, पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥१३॥

ॐ ह्रीं अर्हं धर्मचक्रप्रवर्तन देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वसु विधि मंगल कारक जग में, वसु द्रव्य ही कहलाते।
तीर्थंकर के समवशरण में, नियमित ही देखे जाते॥
मंगल कारक द्रव्य लखे जे, पाप कर्म सब होय विदा।
सुर कृत चौदह अतिशय पाने, जिन चरणों में रहूँ सदा॥१४॥

ॐ ह्रीं अर्हं अष्टमंगलद्रव्य देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घत्ता छंद

हे दिव्य जिनेशा, नमत सुरेशा, वन्द्य गणेशा, सुखकारी।
तुम शिवपथनायक, मोक्षप्रदायक, भवि मलछायक, अघहारी॥
श्री वासुपूज्य जिन, तुम्हें रात दिन, भजें सर्व मुनि, मोक्षार्थम्।
प्रभु नाथ शरण तुम, माथ चरण तुम, साध करण तुम, सौख्यार्थम्॥

ॐ ह्रीं अर्हं देवकृतातिशय-संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(पुष्पांजलि क्षिपेत्)

❑❑

पंचम कोट

केवलज्ञान के १० अतिशय

तर्ज- (मेरी लगी गुरु संग प्रीत)

शत योजन भूमि सूभिक्ष, जिन महिमा भारी।
कहीं होवे ना दुर्भिक्ष, हर्षित नर नारी॥
अतिशय धारी भगवान, चरनन पूज करुँ।
नित गाऊँ तव गुणगान, शिव पद स्वात्म वरुँ॥१॥

ॐ ह्रीं अर्हं शतयोजन सुभिक्ष केवलज्ञानातिशय संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु नभ मे करें विहार, भवि के पुण्यों से।
रहते धनु पंच हजार, ऊपर भूमि से॥
अतिशय धारी भगवान, चरणन पूज करुँ।
नित गाऊँ तव गुणगान, शिव पद स्वात्म वरुँ॥२॥

ॐ ह्रीं अर्हं गगनगमन केवलज्ञानातिशय संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवर मुख दिखते चार, चऊ गति मेटन को।
परमौदारिक तन सार, आतम हेरन को॥
अतिशय धारी भगवान, चरनन पूज करुँ।
नित गाऊँ तव गुणगान, शिव पद स्वात्म वरुँ॥३॥

ॐ ह्रीं अर्हं चतुर्मुखप्रतिभास केवलज्ञानातिशय संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भूले निज विकृत भाव, बैरी जीव वहाँ।
हो दया भाव परभाव, तिष्ठे देव जहाँ॥
अतिशय धारी भगवान, चरनन पूज करुँ।
नित गाऊँ तव गुणगान, शिव पद स्वात्म वरुँ॥४॥

ॐ ह्रीं अर्हं अदयाभावरहित केवलज्ञानातिशय संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नहि होय कोई उपसर्ग, जिनवर भक्तों पर।
नशता कष्टों का वर्ग, सिर जिन चरणों पर॥
अतिशय धारी भगवान, चरनन पूज करुँ।
नित गाऊँ तव गुणगान, शिव पद स्वात्म वरुँ॥५॥

ॐ ह्रीं अर्हं उपसर्गरहित केवलज्ञानातिशय संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हो कवलाहार विमुक्त, आतम भुक्त प्रभु।
करते कर्मों से मुक्त, भवि को शीघ्र विभो॥
अतिशय धारी भगवान, चरनन पूज करुँ।
नित गाऊँ तव गुणगान, शिव पद स्वात्म वरूँ॥६॥

ॐ ह्रीं अर्हं कवलाहार रहित केवलज्ञानातिशय संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सब विद्या ऋद्धि ईश, क्षायिक ज्ञान धरें।
हो नम्र नवाऊँ शीश, भव संताप हरें॥
अतिशय धारी भगवान, चरनन पूज करुँ।
नित गाऊँ तव गुणगान, शिव पद स्वात्म वरूँ॥७॥

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वविद्याईश्वरत्व केवलज्ञानातिशय संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ना नख बढ़ते ना केश, केवल जिन महिमा।
पूजत मिट जाये क्लेश, बढ़ जाती गरिमा॥
अतिशय धारी भगवान, चरनन पूज करुँ।
नित गाऊँ तव गुणगान, शिव पद स्वात्म वरूँ॥८॥

ॐ ह्रीं अर्हं नखकेशवृद्धि रहित केवलज्ञानातिशय संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अनिमिष दृग नाशा दृष्टि, जग आशा विनसे।
झलके आतम विच सृष्टि, घाति कर्म नशें॥
अतिशय धारी भगवान, चरनन पूज करुँ।
नित गाऊँ तव गुणगान, शिव पद स्वात्म वरूँ॥९॥

ॐ ह्रीं अर्हं अनिमिषदृग केवलज्ञानातिशय संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रतिबिम्ब रहित जिन देह, है परमौदारिक।
तप ध्यान लहूँ शिव गेह, है जो आलौकिक॥
अतिशय धारी भगवान, चरनन पूज करुँ।
नित गाऊँ तव गुणगान, शिव पद स्वात्म वरूँ॥१०॥

ॐ ह्रीं अर्हं छायारहित केवलज्ञानातिशय संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट प्रातिहार्य के अर्घ

(तर्ज- उमरिया रह गई थोड़ी...)

(ऐ मेरे वतन के लोगों....)

सिंहासन अद्भुत सोहे, भविजन के मन को मोहे।
तिष्ठे हैं त्रिभुवन राई, हम पूजें ध्यान लगाई॥१॥

ॐ ह्रीं अर्हं सिंहासन-सत्प्रातिहार्य मंडिताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भामण्डल शुभ छवि दायक, भवि के भव का दर्शायक।
जिन कांति मम चित भाई, हम पूजें ध्यान लगाई॥२॥

ॐ ह्रीं अर्हं भामण्डल-सत्प्रातिहार्य मंडिताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

छत्रत्रय जिन सिर मांहि, सुर नर सब महिमा गाई।
त्रैलोक में आप सहाई, हम पूजें ध्यान लगाई॥३॥

ॐ ह्रीं अर्हं छत्रत्रय-सत्प्रातिहार्यमंडिताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चमरेंद्र गुणों को गावें, नित चौसठ चंवर ढुरावें।
जिनवर छवि सब मन भाई, हम पूजें ध्यान लगाई॥४॥

ॐ ह्रीं अर्हं चतुःषष्टीचंवर-सत्प्रातिहार्य मंडिताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सब शोकहारि है रूक्षा, सुखकारी अशोक वृक्षा।
तरु युत जिन को सिर नाईं, हम पूजें ध्यान लगाई॥५॥

ॐ ह्रीं अर्हं अशोक तरु-सत्प्रातिहार्य मंडिताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुर दुन्दुभि नाद करावें, भवि को जिन पास बुलावें।
भक्ति करि-करि हर्षाई, हम पूजें ध्यान लगाई॥६॥

ॐ ह्रीं अर्हं दुन्दुभिःनाद-सत्प्रातिहार्य मंडिताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्वांग से निसृत वाणी, जिनवाणी भवि कल्याणी।
सुन दिव्य ध्वनि सुध आई, हम पूजें ध्यान लगाई॥७॥

ॐ ह्रीं अर्हं दिव्यध्वनि-सत्प्रातिहार्य मंडिताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरपुष्प स्वर्ग से बरसें, छवि देखन को मन तरसे।
शुभ समवशरण छवि छाई, हम पूजें ध्यान लगाई॥८॥

ॐ ह्रीं अर्हं सुरपुष्पवृष्टि-सत्प्रातिहार्य मंडिताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घत्ता

हे जिन वीरा, संयम धीरा, चिन्मय हीरा, दुक्खहरं,
मेटो भव पीरा, ज्ञान प्रवीरा, भवदधि तीरा, सौख्यकरं।

हे बालयतीश्वर, ज्ञान विधीश्वर, आत्ममहीश्वर, गुणधारी,
तुम सर्व विधीश्वर, केवलधीश्वर, मुक्ति अधीश्वर अघहारी॥

ॐ ह्रीं अर्हं केवलज्ञानातिशय अष्टप्रातिहार्य संयुक्ताय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जाप्य मंत्र (१०८ बार जाप करें)
ॐ ह्रीं अर्हं श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः

(पुष्पांजलि क्षिपेत्)

जयमाला

दोहा

पूजा पूजक को सदा, परमपूज्य कर देय।
वासुपूज्य भगवान को, पूजूँ मन वच देह॥

चाल-शेर

तर्ज - (नवदेवता पूजन जयमाला)

जय जय नमूँ श्री वासुपूज्य देव महाना,
तव नंत गुणों का प्रभो कैसे हो बखाना।
जब चार ज्ञान धारी तव महिमा ना गा सके,
शब्दों में अज्ञ भक्त के वह कैसे आ सके॥१॥

फिर भी खड़ा हूँ हाथ जोड़-भक्ति के लिये,
स्वीकारो मेरे भाव शुभ्र मुक्ति के लिये।
इस भक्त की भक्ति को प्रभु जान लीजिये,
मैं तुम समान बन सकूँ वह ज्ञान दीजिये॥२॥

चम्पापुरी है सुप्रसिद्ध अंग देश में,
जहाँ राज्य करते वसुपूज्य नृप के भेष में।
रानी जयावती प्रसन्न स्वप्न देख कर,
की रत्नों की वर्षा वहाँ कुबेर ने आकर॥३॥

तव जन्म समय शान्ति छायी तीनों लोक में,
सब बैर भाव भूले, न था कोई शोक में।
तव अरुण वर्ण बाल सूर्य के समा सोहे,
अभिषेक हुआ मेरु पे मन भव्य का मोहे॥४॥

सुर क्रीडा के लिये सखा बन स्वर्ग से आते,
अरु वस्त्र अलंकार भोज साथ में लाते।
साक्षात् साथ आपका जिन भव्य ने पाया,
आनन्द अति था उन्हें अद्भुत थी वो माया॥५॥

थे 'वज्रनाभि' नृप के पुत्र आप "पद्मोत्तर",
शुभ भावना जो भाई बना योग तीर्थंकर।
निज पूर्व भव को जान हुआ "जाति स्मरण",
वैराग्य हुआ ज्ञान जगा तप की ली शरण॥६॥

हे बालब्रह्मचारी तुम्हें भोग न भाये,
तव संस्तुति को ब्रह्मऋषि स्वर्ग से आये।
चढ पालकी उद्यान "मनोहर" में पधारे,
राजा थे छः सौ छः जो संग आपके चाले॥७॥

सिद्धों का किया ध्यान लिया भेष दिगम्बर,
हर्षा "कदम्ब" वृक्ष तुरिय ज्ञान को लखकर।
"जय" राजा प्रफुल्लित हुआ आहार करा कर,
इन्द्रों ने पंचाश्चर्य किया श्रेष्ठ वहाँ पर॥८॥

छद्मस्थ काल एक वर्ष आपका रहा,
दुर्धर तपस्या से मिला सुज्ञान था महा॥
चऊ घाति कर्म नाश करके केवली बने,
कैवल्य ज्योति तेरी तिमिर पाप को हने॥९॥

सत्तर धनु की काया स्वर्ण सम चमक रही,
सुरकृत समवशरण की आभा है दमक रही।

शनमुख व गौरी यक्ष यक्षी गीत गा रहे,
अघ मेटने को भक्ति से तुमको रिझा रहे॥१०॥

छियासठ गणी सुधर्म आदि वाणी तव गहें,
श्रोता प्रधान स्वयंभू सद्ज्ञान हैं लहे।
सहस्र बहत्तर थे मुनि धर्म पक्ष में,
वरसेना गणी षट् सहस्र एक लक्ष में॥११॥

दो लाख श्रावक और चार लाख श्राविका,
सुर नर तिर्यंच भी करें सत्कार आपका।
रहे केवली जिनदेव जी उनचास लाख वर्ष,
भव्यों को मिला बोध हुआ चित्त में सुहर्ष॥१२॥

इक्ष्वाकुवंश में उदित हुआ था भास्कर,
इच्छायें पूर्ण कर रहे हो आँख मींच कर।
आयु प्रभू की ज्येष्ठ वर्ष लक्ष चोहत्तर,
नशकर अघाति पाया तुमने लोक का शिखर॥१३॥

सिद्धत्व पाकर नाथ कृत्य कृत्य हो गए,
जग बंधनो को तोड़ जग से मुक्त हो गए।
मंदारगिरी सिद्ध भूमि सिद्धि की दाता,
आरत जगत का मंद करे, मन से जो ध्याता॥१४॥

कर्पूर वत् सुदेह तब विलीन हो गया,
नख केश तव क्षीरोदधि में हीन हो गया।
व्रत रोहिणी के ईश नाथ आप कहाते,
मंगल ग्रह अरिष्ट को हो शीघ्र नशाते॥१५॥

निज अज्ञ शिशु की त्रुटि को माफ कीजिये,
जबलों न पाऊँ मोक्ष तबलों साथ दीजिये।
वसु गुण लहें जो पुण्य कथा आपकी गाते,
मुनि प्रज्ञानंद आपको नित शीश झुकाते॥१६॥

श्री शांतिसिन्धु सूरी मुनि धर्म प्रचारी,
आचार्य पायसागर की महिमा है न्यारी।
जयकीर्ति सूरि की सुकीर्ति विश्व है जाने,
आचार्य देशभूषण गौरव हिन्द का माने॥१७॥

सिद्धान्त चक्री विद्यानन्द ज्ञान के धनी,
माता पिता सखा गुरु वसुनंदी जी गणी।
हुई भूल चूक प्रज्ञ जन सुधार कीजिये,
बन जाऊँ स्वयं सिद्ध वो वरदान दीजिये॥१८॥

घत्ता छंद

सर्व महेशा, जयत हमेशा, पूजे सुर नर खग्गेशा।
तुम धर्म धुरंधर, मुक्तिरमावर, सर्व सौख्यकर विद्येशा॥
हम पूज रचायें, मंगल गायें, हर्ष मनायें, सुखकारी।
मम ताप मिटाओ, पाप हटाओ, काम नशाओ, त्रिपुरारी॥

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वकल्याणकारकाय श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्राय नमः जयमाला सम्पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सोरठा

वासुपूज्य जिनराय, महिमा तुमरी को कहे।
नाम लेत हो काज, जो पूजे सो शिव लहे॥

(शान्तिधारा, पुष्पांजलि क्षिपेत्)

❑❑

समुच्चय महार्घ

मैं देव श्री अरहंत पूजूँ, सिद्ध पूजूँ चाव सों।
आचार्य श्री उवज्झाय पूजूँ, साधु पूजूँ भाव सों॥
अरहन्त भाषित बैन पूजूँ, द्वादशांग रचे गनी।
पूजूँ दिगम्बर गुरुचरण, शिवहेत सब आशा हनी॥

सर्वज्ञ भाषित धर्म दशविधि, दयामय पूजूँ सदा।
जजि भावना षोडश रत्नत्रय, जा बिना शिव नहिं कदा॥
त्रैलोक्य के कृत्रिम-अकृत्रिम, चैत्य-चैत्यालय जजूँ।
पंचमेरु-नन्दीश्वर जिनालय, खचर सुर पूजित भजूँ॥

कैलाश श्री सम्मेदगिरि, गिरनार मैं पूजूँ सदा।
चम्पापुरी पावापुरी पुनि और तीरथ सर्वदा॥
चौबीस श्री जिनराज पूजूँ, बीस क्षेत्र विदेह के।
नामावली इक सहस वसु जप, होय पति शिव गेह के॥

दोहा

जल गंधाक्षत पुष्प चरु, दीप धूप फल लाय।
सर्व पूज्य पद पूजहूँ, बहु विधि भक्ति बढ़ाय॥

ॐ ह्रीं भावपूजा-भाववन्दना-त्रिकालपूजा-त्रिकालवन्दना-कृत-कारितानुमोदनैः सहितं श्री अरिहन्त-सिद्ध-आचार्य-उपाध्याय-सर्वसाधु-पुञ्च परमेष्ठिभ्यो नमः। प्रथमानुयोग-करणानुयोग-चरणानुयोग-द्रव्यानुयोगेभ्यो नमः। दर्शनविशुद्धयादिषोडशकारणेभ्यो नमः। उत्तमक्षमादि-दशलक्षण-धर्मेभ्यो नमः। सम्यग्दर्शनसम्यग्ज्ञानसम्यक्चारित्रेभ्यो नमः। जल-थल-आकाश-गृहा-पर्वत-नगरवर्ति-ऊर्ध्व-मध्य-अधोलोकेषु विराजमान-कृत्रिम-अकृत्रिम-जिन-चैत्यालय-जिनबिम्बेभ्यो नमः। विदेहक्षेत्रे विद्यमान-विंशतितीर्थङ्करेभ्यो नमः। पञ्च-भरत-पञ्च-ऐरावत-दशक्षेत्र-सम्बन्धि-त्रिंशत्-चतुर्विंशतिगत-विंशत-उत्तर-सप्तशत-जिनबिम्बेभ्यो नमः। नन्दीश्वरद्वीप-सम्बन्धि-द्वीपञ्चाशत् जिनचैत्यालयेभ्यो नमः। पञ्चमेरुसम्बन्धि-अशीति-जिनचैत्यालयेभ्यो नमः।

सम्मेदशिखर-कैलाश-चम्पापुर-पावापुर-गिरनार-सोनगिरि-राजगृही-मथुरा-शत्रुञ्जय-तारङ्गा-कुण्डलपुर आदि-सिद्धक्षेत्रेभ्यो नमः। जैनबद्री-मूढबद्री-हस्तिनापुर-चन्देरी-पपौरा-अयोध्या-चमत्कारजी-महावीरजी-पद्मपुरी-तिजारा-आदि अतिशयक्षेत्रेभ्यो नमः। श्रीचारणऋद्धिधारी सप्तपरमर्षिभ्यो नमः।

ॐ ह्रीं श्रीमन्तं भगवन्तं कृपावन्तं श्रीवृषभादि-महावीरपर्यन्त-चतुर्विंशति-तीर्थंकरपरमदेवं आद्यानां आद्ये जम्बूद्वीपे भरतक्षेत्रे आर्यखण्डे.....नाम्नि नगरे ....मासानामुत्तमे .... मासे .... पक्षे .... तिथौ .... वासरे .... मुन्यार्यिका-श्रावक-श्राविकाणां सकलकर्मक्षयार्थ अनर्घ्यपदप्राप्तये सम्पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांति–पाठ (भाषा)

चौपाई

शांतिनाथ मुख शशि-उनहारी, शील-गुण-व्रत-संयमधारी।
लखन एक सौ आठ विराजैं, निरखत नयन कमलदल लाजैं॥
पंचम चक्रवर्ति पद धारी, सोलम तीर्थंकर सुखकारी।
इन्द्र-नरेन्द्र पूज्य जिन-नायक, नमो शांति-हित शांति विधायक॥

दिव्य विटप बहुपन की वरषा, दुन्दुभि आसन वाणी सरसा।
छत्र चमर भामंडल भारी, ये तुव प्रातिहार्य मनहारी॥
शांति-जिनेश शांति सुखदाई, जगत पूज्य पूजौं शिर नाई।
परम शांति दीजे हम सबको, पढ़ैं तिन्हें पुनि चार संघ को॥

(वसन्ततिलका)

पूजै जिन्हें मुकुट-हार-किरीट लाके।
इन्द्रादि देव अरु पूज्य पदाब्ज जाके॥
सो शांतिनाथ वर-वंश जगत प्रदीप।
मेरे लिए करहुँ शान्ति सदा अनूप॥

(इन्द्रवज्रा)

संपूजकों को प्रतिपालकों को, यतीनकों यतिनायकों को।
राजा-प्रजा-राष्ट्र-सुदेश को ले, कीजे सुखी हे जिन! शांति को दे॥

(स्रग्धरा)

होवै सारी प्रजा को सुख बलयुत हो, धर्मधारी नरेशा।
होवे वर्षा समय पै, तिल भर न रहें, व्याधियों का अंदेशा॥
होवे चोरी न जारी, सुसमय वरते, हो न दुष्काल मारी।
सारे ही देश धारैं जिनवर-वृष को, जो सदा सौख्यकारी॥

(दोहा)

घातिकर्म जिन नाश करि, पायो केवलराज।
शांति करो सब जगत में, वृषभादिक जिनराज॥

(मन्दाक्रान्ता)

शास्त्रों का हो पठन सुखदा, लाभ सत्संगति का।
सद्वृत्तों का सुजस कहके, दोष ढाकूँ सभी का॥
बोलूँ प्यारे वचन हित के, आपका रूप ध्याऊँ।
तौ लौं सेऊँ चरण जिनके, मोक्ष जौ लौं न पाऊँ॥

तव पद मेरे हिय में, मम हिय तेरे पुनीत चरणों में।
तब लौं लीन रहौं प्रभु, जब लौं पाया न मुक्ति-पद मैंने॥

अक्षर पद मात्रा से दूषित, जो कछु कहा गया मुझसे।
क्षमा करो प्रभु सो सब, करुणाकरि पुनि छुड़ाहु भव दुख से।

हे जगबन्धु जिनेश्वर! पाऊँ तव चरण-शरण बलिहारी।
मरण समाधि सुदुर्लभ, कर्मों का क्षय सुबोध सुखकारी॥

(नौ बार णमोकार मंत्र का जाप करें)

विसर्जन पाठ

क्षमापना

(दोहा)

बिन जाने वा जान के, रही टूट जो कोय।
तुम प्रसाद तैं परम गुरु, सो सब पूरन होय॥१॥

पूजन-विधि जानूँ नहीं, नहिं जानूँ आह्वान।
और विसर्जन हू नहीं, क्षमा करहु भगवान॥२॥

मन्त्रहीन धनहीन हूँ, क्रियाहीन जिनदेव।
क्षमा करहु राखहु मुझे, देहु चरण की सेव॥३॥

आये जो जो देवगण, पूजैं भक्ति-प्रमाण।
ते अब जापहुँ कृपा कर, अपने-अपने धाम॥४॥

(नौ बार णमोकार मंत्र का जाप एवं गवासन में बैठकर नमस्कार करें)

❑❑

श्री वासुपूज्य की आरती

वसुपूज्य के लाल की, चम्पापुर के भाल की।
चलों उतारें आज आरती, जयावती सुकुमाल की॥टेक॥

जन्म समय में, तीन लोक में, अनुपम खुशियाँ छायीं थीं।
तव सुन्दर छवि को लखकर के, सुरनगरी शरमायी थी।
जन्म कल्याणक काल की, नंत गुणों के माल की।

चलो उतारें..... ॥१॥

तप अग्नि में कर्म जलाकर, नंत ज्ञान को प्रकटाया।
आत्म सुमन की सौरभ लखकर, भौतिक जग को ठुकराया।
प्रथम बालयति लाल की, अनुपम सौख्य रसाल की।

चलो उतारें..... ॥२॥

मंदारगिरि से कर्म वसु नश, मुक्ति श्री परिणाई थी,
राजा पद्मरथ ने भक्ति कर, मोक्ष लक्ष्मी पाई थी,
शाश्वत ज्योति विशाल की, भक्ति की शुभ ताल की,

चलो उतारें..... ॥३॥

शनमुख गौरी ने आकर के, तुमको शीश झुकाया था,
कुबेर पति से इन्द्रराज ने, समवशरण रचवाया था,
दाल न गलती काल की, कर्म भार जंजाल की,

चलो उतारें..... ॥४॥

रत्नदीप से थाल सजाकर, द्वार तुम्हारे आये हैं।
तव चरणों की आरती करके, मन में अति हर्षायें हैं।
वासुपूज्य वसु लाल की, द्वादशवें जिनराज की।

चलो उतारें..... ॥५॥

❑❑

परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनन्दी मुनिराज के द्वारा रचित, लिखित, संपादित एवं उनके संघ से प्रकाशित अमूल्य ग्रंथों की सूची

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
	प्रथमानुयोग शास्त्र
1	नंगानंग कुमार चारित्र
2	मौन व्रत कथा
3	व्रताधीश्वर रोहिणी व्रत
4	प्रभंजन चरित्र
5	चारुदत्त चरित्र
6	सीता चरित्र
7	सप्त व्यसन चरित्र
8	वीर वर्द्धमान चरित्र
9	देशभूषण कुलभूषण चरित्र
10	चित्रसेन पदमावती चरित्र
11	सुदर्शन चरित्र
12	सुरसुन्दरी चरित्र
13	करकण्डु चरित्र
14	नागकुमार चरित्र
15	भद्रबाहु चरित्र
16	हनुमान चरित्र
17	महापुराण भाग 1
18	महापुराण भाग 2
19	श्री जम्बूस्वामी चरित्र
20	यशोधर चरित्र
21	व्रत कथा संग्रह
22	राम चरित भाग 1
23	राम चरित भाग 2
24	राम चरित संयुक्त प्रकाशन
25	आराधना कथा कोष भाग 1
26	आराधना कथा कोष भाग 2
27	आराधना कथा कोष भाग 3
28	शान्ति नाथ पुराण भाग 1
29	शान्ति नाथ पुराण भाग 2
30	सम्यक्त्व कौमुदी
31	धर्मामृत भाग 1
32	धर्मामृत भाग 2
33	पुण्यास्रव कथा कोष भाग 1
34	पुण्यास्रव कथा कोष भाग 2
35	पुराण सार संग्रह भाग 1
36	पुराण सार संग्रह भाग 1
37	सुलोचना चरित्र
38	गौतम स्वामी चरित्र
39	अमरसेन चरित्र
40	श्रेणिक चरित्र
41	महीपाल चरित्र
42	जिनदत्त चरित्र
43	सुभौम चक्रवर्ती चरित्र
44	चेलना चरित्र
45	धन्यकुमार चरित्र
46	सुकुमाल चरित्र
47	क्षत्रचूड़ामणि जीवंधर चरित्र
48	चन्द्रप्रभ चरित्र
49	कोटिभट श्रीपाल चरित्र
50	महावीर पुराण
51	वरांग चरित्र

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
52	पांडव पुराण
53	सुशीला उपन्यास
54	भरतेश वैभव
55	पार्श्वनाथ पुराण
56	त्रिवेणी
57	मल्लिनाथ पुराण
58	विमलनाथ पुराण
59	चौबीसी पुराण
60	पदम पुराण
61	सिंदूर प्रकरण
	काव्य शास्त्र
1	चैन की जिन्दगी
2	हीरों का खजाना
3	कल्याणी
4	हाइकु
5	क्षरातीत अक्षर
6	न मैं चुप हू न गाता हू
7	मुक्ति दूत के मुक्तक
	विधान - पूजन साहित्य
1	श्री शान्तिनाथ विधान
2	अरिष्ट निवारक विधान संग्रह
3	पंचपरमेष्ठी विधान
4	श्री शान्तिनाथ, भक्तामर, सम्मेदशिखर विधान
5	समवशरण महार्चना
6	यागमंडल विधान
7	श्री महावीर विधान
8	श्री भक्तामर विधान
9	श्री अजितनाथ विधान

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
10	णमोकार महार्चना
11	दु:खों से मुक्ति, सहस्त्रनाम विधान
12	श्री चन्द्रप्रभ विधान
13	श्री चन्द्रप्रभ विधान तिजारा
14	श्रद्धा के अंकुर
15	कलिकुण्ड पार्श्वनाथ विधान
16	श्री जम्बूस्वामी विधान
17	श्री वासुपूज्य विधान
18	श्री नंदीश्वर विधान
19	श्री पदमप्रभ विधान
20	श्री संभवनाथ विधान
21	श्री पुष्पदंत विधान
22	श्री मुनिसुव्रत नाथ विधान
23	श्री नेमिनाथ विधान
24	कल्याण मंदिर विधान
25	निर्ग्रन्थ विधान
26	पूजा अर्चना
	प्रवचन
1	मीठे प्रवचन भाग-1
2	मीठे प्रवचन भाग-2
3	मीठे प्रवचन भाग-3
4	मीठे प्रवचन भाग-4
5	मीठे प्रवचन भाग-5
6	दशामृत
7	श्रुत निर्झरी
8	तैयारी जीत की
9	गुरुत्तं भाग-1
10	गुरुत्तं भाग-2

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
11	गुरुत्तं भाग-3
12	गुरुत्तं भाग-4
13	गुरुत्तं भाग-5
14	गुरुत्तं भाग-6
15	गुरुत्तं भाग-7
16	गुरुत्तं भाग-8
17	गुरुत्तं भाग-9
18	गुरुत्तं भाग-10
19	गुरुत्तं भाग-11
20	गुरुत्तं भाग-12
21	न मिटना बुरा न पिटना
22	ठहरो ऐसे चलो
23	जीवन का सहारा
24	सीप का मोती (महावीर जयंती)
25	चूको मत
26	खोज क्यों रोज रोज
27	जय बजरंगबली
28	शायद यही सच है
29	सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की शौर्य कथा
30	नारी का धवल पक्ष
31	आईना मेरे देश का
32	उत्तम क्षमा
33	मान महा विषरूप
34	रंचक दगा बहुत दुख:दानी
35	लोभ पाप को बाप बखाना
36	सतवादी जग में सुखी
37	जिस बिना नहिं जिनराज सीजे
38	तप चाहे सुरराय
39	निज हाथ दीजे साथ लीजे
40	परिग्रह चिंता दु:ख ही मानो
41	उत्तम ब्रह्मचर्य
42	वसुनंदी उवाच प्रवचनांश
43	धर्म की महिमा
44	सफलता के सूत्र
45	आज का निर्णय
46	गुरु कृपा
47	गुरुवर तेरा साथ
48	स्वाति की बूँद
49	गागर में सागर
50	खुशी के आंसू
51	वसु विचार
52	एक हजार आठ
53	सर्वोदयी नैतिक धर्म

प्राकृत साहित्य (स्वरचित)

1	मंगल-सुत्तं
2	अप्प विहदो
3	मूल वण्णो
4	अट्ठंग-जोगो
5	विस्स धम्मो
6	समवसरण सोहा
7	अंते समाहि-मरणं
8	सिविण सत्थं
9	जिण वयण सारा
10	जोदिस सत्थं
11	वत्थु सत्थं
12	अज्झप्प सुत्तं
13	विणय सारो

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
14	हियु वदेसो
15	णंदिणंद सुत्तं
16	रट्ठ-संति-महाजण्णो
17	अज्ज-सक्किदी
18	धम्म-सुत्तं
19	अहिंसगाहारो
20	जदि-किदि-कम्मं
21	णिग्गंथ-थुदी
22	जिणवर-थोत्तं
23	तच्च-सारो
24	विज्जा-वसु-सावयायारो
25	अणुवेक्खा-सारो
26	सुद्धप्पा
27	रयणकंडो
28	धम्म-सुत्ति संगहो
29	णमोयार महप्पुरो
30	विस्स-पुज्जो दियंबरो
31	अजिय सहस्सणाम-थुदी
32	पसमभावो
33	समणायारो
34	अर्हम सूक्ति कोश
35	सुहासिद-सुत्तं
36	झाण-सारो
37	अम्माणं अज्जवत्तो
	अनुवादित व संपादित साहित्य
1	वसु ऋद्धि
2	तत्वोपदेश छहछाला
3	दिव्य लक्ष्य
4	पंच रत्न
5	गुणरत्नाकर
6	तत्वार्थ सूत्र
7	विषापहार स्तोत्र
8	पुरुषार्थ सिद्धियुपाय
9	जिन कल्पि सूत्रम्
	रचित साहित्य
1	हमारे आदर्श
2	आहार दान
3	सर्वोदयी नैतिक धर्म
4	कलम पट्टी बुद्धिका
5	धर्म संस्कार
6	जिन सिद्धांत महोदधि
7	सदगुरु की सीख
8	धर्म संस्कार भाग-1
9	धर्म संस्कार भाग-2
10	आधुनिक समस्यायें प्रामाणिक समाधान
11	धर्म बोध संस्कार-1
12	धर्म बोध संस्कार-2
13	धर्म बोध संस्कार-3
14	धर्म बोध संस्कार-4
15	संस्कारादित्य
16	दान के अचिन्त्य प्रभाव
17	'प्रमेया' टीका रत्न माला
	वाचना साहित्य
1	बोधि वृक्ष (प्रश्नोत्तर रत्न मालिका)
2	शिवपथ का रथ (सामायिक पाठ)
3	स्वात्मोपलब्धि (समाधि तंत्र)

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
4	मुक्ति का वाग्दान (इष्टोपदेश)
	अन्य साहित्य
1	जिन श्रमण भारती
2	निज अवलोकन
3	धम्म रसायणं
4	योगामृत भाग-1
5	योगामृत भाग-2
6	योगसार भाग-1
7	योगसार भाग-2
8	अध्यात्म तरंगिणी
9	आराधना सार
10	सार समुच्चय
11	भगवती आराधना
12	मरण कंडिका
13	तत्वार्थस्य संसिद्धि
14	रयणसार
15	उपासकाध्ययन भाग-1
16	उपासकाध्ययन भाग-2
17	भव्य प्रमोद
18	सदार्चन सुमन
19	तत्त्वार्थ सार
20	नीति सार समुच्चय
21	प्रश्नोत्तर श्रावकाचार
22	तनाव से मुक्ति भाग-1 (भजन)
23	तनाव से मुक्ति भाग-2 (भजन)
24	कुरल काव्य
25	प्रकृति समुत्कीर्तन
26	भावत्रय फलप्रदर्शी
27	श्री महावीर भक्तामर स्तोत्र

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
28	पहला सुख निरोगी काया
29	डाक्टरों से मुक्ति
30	आ जाओ प्रकृति की गोद में
31	तत्वज्ञान तरंगिणी
32	सुख का सागर
33	विद्यानंद उवाच
34	तच्च वियारो सारो
35	मूलाचार प्रदीप
36	धर्मरत्नाकर
37	अन्तर्यात्रा
38	Inspirational Tales Part 1
39	Inspirational Tales Part 2
40	संसार का अंत
41	चार श्रावकाचार
42	एक हजार आठ
43	जैन वर्ण माला
44	जिन दर्शन से निज दर्शन
45	कर्म विपाक
46	आत्मा का खजाना
47	साप्ताहिक विधान
48	श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान
49	धर्मांकुर
50	बिना त्याग आग ही आग
51	शायद यही सच है
52	प्रबोध सार
53	सरस्वती उपासना
54	कर्म प्रकृति
55	रदण सारो
56	नौनिधि

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
57	वसु विचार
58	सारांश
59	स्वप्न विचार

परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनन्दी मुनिराज के जीवन चरित्र पर आधारित साहित्य

1	समझाया रविन्दु न माना
2	दृष्टि दृश्यों के पार
3	पग वंदन
4	अक्षर शिल्पी
5	वसुनंदी प्रश्नोत्तरी

❑❑❑

क्र.सं.	पुस्तक का नाम

पावन आशीष

आचार्य वसुनन्दी मुनि

श्री निर्ग्रन्थ ग्रन्थमाला समिति (पंजीकृत)

मुद्रक : चन्द्रा कॉपी हाउस, आगरा मो. 9412260879